<u>समाचार</u>

राजस्व मंत्री बुधवार को करेंगे विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा

कोरबा 15 मार्च 2021 –राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री 17 मार्च बुधवार को प्रातः 11 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित कक्ष में महापौर एवं आयुक्त की उपस्थिति में निगम अधिकारियों की बैठक लेंगे तथा निगम के विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा करेंगे। इस दौरान राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल जिला खनिज न्यास मद, सी.एस.आर.मद, अधोसंरचना मद, प्रभारी मंत्री मद, सांसद व विधायक मद, महापौर मद सहित अन्य मदों के अंतर्गत प्रस्तावित व प्रगतिरत कार्यो की समीक्षा करेंगे।